Sl. No. 346242

# TEST CODE : 7/2015

Candidate's Roll Number
अभ्यर्थी का रोल नम्बर

Category No. : 13

**Series : B**

Time allowed : 1 Hour 30 Minutes
अवधि : 1 घंटा और 30 मिनट

Total Questions : 100
कुल प्रश्न : 100

## KINDLY READ THE INSTRUCTIONS BEFORE ATTEMPTING THIS QUESTION PAPER
## IMPORTANT INSTRUCTIONS FOR THE CANDIDATES
## इस प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले कृपया निर्देशों को पढ़ें
## अभ्यर्थियों के लिए विशेष निर्देश

1. Attempt all the questions. Every question has equal marks viz. 2.
2. Before attempting the question paper kindly check that this booklet has total **16** pages & OMR Answer sheet consists of three copies. At the start of the examination and within first five minutes, candidates are advised to ensure that all pages of your test booklet & OMR/Answer Sheet are properly printed and test booklet is not damaged in any manner. Serial No. & Series of OMR Sheet and Test Booklet match with each other. In case of any discrepancy the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of test booklet & OMR/Answer Sheet. No claim in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.
3. Do not forget to write your roll number on the top of this question booklet & OMR/Answer Sheet.
4. Do not tear or fold any page of the question booklet and OMR/Answer Sheet.
5. Candidate must bring legibly printed Admit Card with recent coloured photo pasted on it at mark B duly attested by Gazetted Officer and one identity proof with photo like Driving License, Voter Card, Aadhar Card, Passport etc. at the Examination Centre failing which candidate will not be allowed to enter in the Examination Centre.
6. Candidates are advised to make sure to fill the correct name, Roll No. & test booklet code on the OMR Answer Sheet. If the space for the Booklet Code is left blank or more than one booklet code is indicated therein and non filling of name and roll no. as per instruction, it will be deemed to be an incorrect booklet code & Answer Sheet will not be evaluated. The candidate himself/herself will be solely responsible for all the consequences arising out of any error or omission in writing the test booklet code. Candidate shall put his/her LTI (Male) and RTI (Female) on attendance sheet, on the OMR/ Answer Sheet and on the Biometric Machine along with signature.
7. Candidate should put his/her signature and thumb impression on the Admit Card at two places in the presence of Invigilator in the Examination Hall.
8. **Candidates are warned not to fold or make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Use of Eraser, Nail, Blade, White Fluid/Whitener etc, to smudge scratch or damage in any manner on the OMR Sheet during Examination is strictly prohibited. Candidature/OMR Sheet of candidates using Eraser, Blade, Nail or White Fluids/Whitener to smudge, scratch or damage in any manner the Answer Sheet shall be cancelled.**

1. प्रत्येक प्रश्न को हल करें और प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक समान अर्थात 2 हैं ।
2. प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में कुल **16** पृष्ठ और एक OMR उत्तर पत्रक तीन कापियों वाला है । अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा प्रारंभ होते ही पाँच मिनट के अंदर सुनिश्चित कर लें कि आपकी पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक के सभी पृष्ठ अच्छी तरह छपे हुए हैं और इसे किसी भी प्रकार से क्षति नहीं पहुँची है । OMR उत्तर पत्रक एवं टेस्ट बुकलेट (पुस्तिका) के सीरियल नं. और सीरीज एक-समान होने चाहिए । किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अभ्यर्थी को परिवीक्षक से टेस्ट बुकलेट और OMR उत्तर पत्रक बदलवा लेनी चाहिए । परीक्षा प्रारंभ होने के पाँच मिनट पश्चात् ऐसी शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा ।
3. इस पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक में ऊपर अपना रोल नम्बर लिखना न भूलें ।
4. प्रश्न-पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक के किसी भी पृष्ठ को न तो फाड़ें और न मोड़ें ।
5. अभ्यर्थियों को स्पष्ट पठनीय प्रवेश-पत्र लाना है, जिस पर हाल ही में खींचा गया रंगीन फोटो उस स्थान पर चिपका होना चाहिए जहाँ B लिखा हुआ है । इस फोटो को किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित होना चाहिए । इसके अतिरिक्त फोटो लगा हुआ एक परिचय-पत्र, जैसे कि ड्राइविंग लाइसेन्स, मतदाता परिचय-पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई एक परीक्षा-केन्द्र पर लाना अनिवार्य है । इसके न होने पर अभ्यर्थी को परीक्षा-केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी ।
6. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित कर लें कि उन्होंने OMR उत्तर-पत्रक में नाम, रोल नं. और टेस्ट बुकलेट कोड सही भरा है । यदि बुकलेट-कोड के लिए दिया गया स्थान खाली छोड़ा जाता है या एक से अधिक बुकलेट कोड लिख दिए गए हैं या निर्देशानुसार नाम और रोल नम्बर नहीं भरे गए हैं तो इसे गलत तरीके से भरा गया बुकलेट कोड माना जाएगा और उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा । टेस्ट बुकलेट कोड लिखने में किसी भी प्रकार की त्रुटि या चूक होने पर अभ्यर्थी स्वयं ही परिणामों को भुगतने के लिए उत्तरदायी होगा । पुरुष-अभ्यर्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का और महिला-अभ्यर्थी अपने दाएँ हाथ के अँगूठे का अंकन उपस्थिति-पत्रक पर, OMR उत्तर पत्रक पर और बायोमैट्रिक मशीन में देंगे और उचित स्थान पर हस्ताक्षर भी करेंगे ।
7. परीक्षा-हॉल में परिवीक्षक की उपस्थिति में अभ्यर्थियों को प्रवेश-पत्र पर दो स्थानों में हस्ताक्षर करने हैं और अँगूठे के निशान देने हैं ।
8. **अभ्यर्थियों को चेतावनी दी जाती है कि वे OMR उत्तर-पत्रक में किसी भी प्रकार का अनावश्यक निशान न बनाएँ और न ही इसे मोड़ें । OMR उत्तर पत्रक में कुछ भी लिखने और भरने के पश्चात् उसे मिटाने के लिए रबड़, नाखून, ब्लेड, सफेद तरल पदार्थ / वाइटनर आदि का प्रयोग या किसी अन्य प्रकार से इसे क्षति पहुँचाने पर सख्त निषेध है । इन वस्तुओं के प्रयोग से उत्तर-पत्रक या OMR उत्तर पत्रक में धब्बे पड़े होने पर, खरोंच के निशान होने पर या क्षति होने पर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता और OMR उत्तर पत्रक दोनों ही निरस्त कर दिए जाएँगे ।**

**DO NOT OPEN THE SEAL UNTIL INSTRUCTED TO DO SO. / जब तक कहा न जाए, सील न खोलें ।**

**27-B**

*(Read the instructions on last page of this booklet.)*
*(प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ में दिये हुए निर्देश को पढ़ें ।)*

Downloaded from www.cclchapter.com

1. The Finance Commission
   (A) draws up Five Year Plans
   (B) formulates Monetary Policy
   (C) recommends pay revision of Central Government Employees
   (D) adjudicates on the sharing of resources between Centre and the States

2. Who was the first Indian soldier to refuse to use the greased cartridge ?
   (A) Nana Saheb
   (B) Bahadur Shah
   (C) Mangal Pandey
   (D) Tantia Tope

3. During periods of inflation, tax rates should
   (A) increase
   (B) decrease
   (C) remain constant
   (D) fluctuate

4. Select the related number.
   25 : 125 : : 36 : ?
   (A) 180 (B) 216
   (C) 206 (D) 318

5. Which one set of letters when sequentially placed at the gaps in the given letter series shall complete it ?
   y_x_ _zx _ y _ xy _ zxy
   (A) zyyyzy (B) xyzxyz
   (C) zxyzyz (D) zyxxyz

6. If in a code language, the RADIO is written as ABCDE and BROADCAST is written FAEBCGBHI, how is RATIO be written in that code ?
   (A) ABIDE (B) AIDBE
   (C) DBEID (D) BEIDA

1. वित्त आयोग
   (A) पंचवर्षीय योजनाएँ बनाता हैं ।
   (B) मौद्रिक नीति तैयार करता है ।
   (C) केंद्रीय सरक़ार के कर्मचारियों के वेतन में संशोधन की सिफ़ारिश करता है ।
   (D) केंद्र और राज्यों के बीच संसाधनों के बँटवारे पर निर्णय लेता है ।

2. चर्बी लगे कारतूस के प्रयोग से इनकार करने वाला पहला भारतीय सिपाही कौन था ?
   (A) नाना साहब
   (B) बहादुर शाह
   (C) मंगल पांडे
   (D) तात्यां टोपे

3. मुद्रास्फीति के समय के दौरान कर की दरों में निम्नलिखित में से क्या होगा ?
   (A) वृद्धि
   (B) कमी
   (C) स्थिर बने रहना
   (D) घट-बढ़

4. संबंधित संख्या का चयन कीजिए ।
   25 : 125 : : 36 : ?
   (A) 180 (B) 216
   (C) 206 (D) 318

5. दी गई अक्षर-श्रृंखला के खाली स्थानों पर क्रम से रखने पर निम्नलिखित में से कौन सा अक्षर-समूह उसे पूरा करेगा ?
   y_x_ _zx _ y _ xy _ zxy
   (A) zyyyzy (B) xyzxyz
   (C) zxyzyz (D) zyxxyz

6. यदि एक कूट भाषा में RADIO को ABCDE लिखा जाए और BROADCAST को FAEBCGBHI लिखा जाए, तो उस कूट भाषा में RATIO को किस प्रकार लिखा जाएगा ?
   (A) ABIDE (B) AIDBE
   (C) DBEID (D) BEIDA



Downloaded from www.cclchapter.com

7. If A is the mother of D, B is not the son of C, C is the father of D, D is the sister of B, then how is A related to B ?

(A) Mother (B) Brother
(C) Step son (D) Sister

8. If C = 3 and CAT = 24, what is FAULT ?

(A) 60 (B) 57
(C) 64 (D) 72

9. Select the one which is different from the other three responses.

(A) XZYP (B) ADGJ
(C) KNQT (D) EHKN

10. Select correct combination of mathematical signs to replace * signs to balance the equation

45 * 5 * 3 * 27

(A) × = ÷ (B) × ÷ =
(C) ÷ × = (D) = ÷ ×

11. Choose the correct alternative from the given ones that will complete the series.

1, 3, 8, 19, 42, ?

(A) 89 (B) 84
(C) 82 (D) 70

12. In an examination, Rahul got the 11th rank and he was 47th from the bottom among those who passed. 3 students could not appear for the exam. 1 student failed. What is the total no. of students ?

(A) 60 (B) 62
(C) 59 (D) 61

13. If in a code language 'PUTREFY' is written as 'XPQSTRL' and 'NAVIGATE' is written as 'GYMOWYQT', how is 'AVIARY' written in that language ?

(A) YOMYLS (B) YMOYLS
(C) YMOYSL (D) YOMYSL

7. यदि A माता है D की, B बेटा नहीं है C को, C पिता है D का, D बहन है B की, तो A का B से क्या संबंध है ?

(A) माता (B) भाई
(C) सौतेला बेटा (D) बहन

8. यदि C = 3 और CAT = 24, तो FAULT क्या है ?

(A) 60 (B) 57
(C) 64 (D) 72

9. उस विकल्प का चयन कीजिए जो अन्य तीनों से भिन्न हो ।

(A) XZYP (B) ADGJ
(C) KNQT (D) EHKN

10. गणितीय चिह्नों के सही क्रम को चुनिये, जिसको * चिह्न के स्थान पर पुनर्स्थापित करने से संतुलित समीकरण बन जायेगा ।

45 * 5 * 3 * 27

(A) × = ÷ (B) × ÷ =
(C) ÷ × = (D) = ÷ ×

11. दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करे ।

1, 3, 8, 19, 42, ?

(A) 89 (B) 84
(C) 82 (D) 70

12. एक परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों में राहुल को 11वाँ स्थान मिला तथा वह नीचे से 47वें स्थान पर था । तीन विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित नहीं हो सके । एक विद्यार्थी असफल रहा । विद्यार्थियों की कुल संख्या क्या है ?

(A) 60 (B) 62
(C) 59 (D) 61

13. यदि एक कूट भाषा में 'PUTREFY' लिखा जाता है 'XPQSTRL' और 'NAVIGATE' लिखा जाता है 'GYMOWYQT', तो उस कूट भाषा में 'AVIARY' किस प्रकार लिखा जायेगा ?

(A) YOMYLS (B) YMOYLS
(C) YMOYSL (D) YOMYSL



Downloaded from www.cclchapter.com

14. $\sqrt{\frac{25}{15625}} = \sqrt{\frac{?}{30625}}$

(A) 49
(B) 35
(C) 2
(D) None of these

15. At a work site, a gang of labourers undertake to finish certain activity in 8 hours. Unfortunately, right from the start of the work, four of them remain absent, but the rest manage to complete the work in 10 hours. What is the original number of labourers in the gang ?

(A) 24
(B) 20
(C) 16
(D) 12

16. How many terms of the series 1 + 3 + 5 + ...... must be taken in order so that the sum may be 19600 ?

(A) 140
(B) 120
(C) 240
(D) 150

17. Amulya alone does a piece of work in 2 days and Bindu does it in 6 days. In how many days will the two do it together ?

(A) 2/3 days
(B) 3/2 days
(C) 5/3 days
(D) 3 days

18. A train M leaves Meerut at 5 a.m. and reaches Delhi at 9 a.m. Another train N leaves Delhi at 7 a.m. and reaches Meerut at 10.30 a.m. At what time do the two trains cross one another ?

(A) 8.26 a.m.
(B) 8.00 a.m.
(C) 7.36 a.m.
(D) 7.56 a.m.

19. Three bells toll at intervals of 9, 12 and 15 minutes respectively. All the three begin to toll at 9 a.m. At what time will they again toll together ?

(A) 11.30 a.m.
(B) 11.45 a.m.
(C) 12.00 noon
(D) 11.20 a.m.

14. $\sqrt{\frac{25}{15625}} = \sqrt{\frac{?}{30625}}$

(A) 49
(B) 35
(C) 2
(D) इनमें से कोई नहीं

15. किसी कार्यस्थल पर मजदूरों की एक टोली 8 घंटे में किसी क्रियाकलाप को पूरा करने का दायित्व लेती है । दुर्भाग्यवश कार्य के आरम्भ से ही चार श्रमिक अनुपस्थित होते हैं । किन्तु शेष श्रमिक 10 घंटे में कार्य पूर्ण कर देते हैं । टोली में श्रमिकों की प्रारंभिक संख्या कितनी है ?

(A) 24
(B) 20
(C) 16
(D) 12

16. श्रेणी 1 + 3 + 5 + ...... के कितने पदों को क्रमबद्ध लिए जाने पर योग 19600 हो जाएगा ?

(A) 140
(B) 120
(C) 240
(D) 150

17. अमूल्य अकेले किसी कार्य को 2 दिन में करता है और बिन्दु उसे 6 दिनों में करती है । दोनों मिलकर उसे कितने दिनों में पूरा करेंगे ?

(A) 2/3 दिन
(B) 3/2 दिन
(C) 5/3 दिन
(D) 3 दिन

18. एक ट्रेन M मेरठ 5 a.m. को छोड़ती है और दिल्ली 9 a.m. को पहुँचती है । दूसरी ट्रेन N दिल्ली 7 a.m. को छोड़ती है और मेरठ 10.30 a.m. को पहुँचती है । ये दोनों ट्रेनें किस समय एक-दूसरे को क्रॉस करेंगी ?

(A) 8.26 a.m.
(B) 8.00 a.m.
(C) 7.36 a.m.
(D) 7.56 a.m.

19. तीन घंटियाँ क्रमश: 9, 12 तथा 15 मिनटों के अंतराल पर बजती हैं । ये तीनों 9 a.m. पर बजना प्रारम्भ करती हैं । दोबारा वे किस समय एकसाथ बजने लगेंगी ?

(A) 11.30 a.m.
(B) 11.45 a.m.
(C) 12.00 noon
(D) 11.20 a.m.



Downloaded from www.cclchapter.com

20. Find two numbers whose arithmetic mean is 12.5 and geometric mean is 10.
(A) 20, 4 (B) 15, 10
(C) 20, 5 (D) None of these

21. The sum of the series 5 + 13 + 21 + ...... + 181 is :
(A) 2139 (B) 2476
(C) 2219 (D) 2337

22. Thomas can do a piece of work in 80 days. He works at it for 10 days and then Ajay alone can finishes the remaining work in 42 days. Together they could complete the work in :
(A) 24 days (B) 25 days
(C) 30 days (D) 35 days

23. Two trains are moving in the same direction at 65 kmph and 45 kmph. The faster train crosses a man in slower train in 18 seconds. The length of the first train is :
(A) 120 m (B) 180 m
(C) 100 m (D) 145 m

24. Small Pox is caused by
(A) Rubeola Virus
(B) Variola Virus
(C) Varicella
(D) Myxovirus

25. The age of the Earth can be determined by
(A) Geological Time Scale
(B) Radio-Metric Dating
(C) Gravity method
(D) Fossilization method

26. This is a bacterial disease :
(A) Gonorrhoea
(B) Cold
(C) Malaria
(D) None of these

20. उन दो संख्याओं को मालूम कीजिए जिनका समान्तर माध्य 12.5 तथा गुणोत्तर माध्य 10 है ।
(A) 20, 4 (B) 15, 10
(C) 20, 5 (D) इनमें से कोई नहीं

21. श्रेणी 5 + 13 + 21 + ...... + 181 का योग है
(A) 2139 (B) 2476
(C) 2219 (D) 2337

22. थॉमस एक कार्य को 80 दिनों में पूरा कर सकता है । वह इस कार्य पर 10 दिन कार्य करता है । अजय अकेले शेष कार्य को 42 दिनों में पूरा कर सकता है । दोनों मिलकर कार्य को कितने दिनों में पूरा कर लेंगे ?
(A) 24 दिन (B) 25 दिन
(C) 30 दिन (D) 35 दिन

23. दो ट्रेनें एक ही दिशा में 65 कि.मी./घं. तथा 45 कि.मी./घं. की रफ्तार से चल रही हैं । तेज गति वाली ट्रेन, धीमी ट्रेन के किसी व्यक्ति को 18 सेकण्ड में क्रॉस करती है । पहली ट्रेन की लम्बाई कितनी है ?
(A) 120 m (B) 180 m
(C) 100 m (D) 145 m

24. चेचक होने का कारण है
(A) रुबिओला वाइरस
(B) वैरिओला वाइरस
(C) वैरिसेला
(D) मिक्सोवाइरस

25. पृथ्वी की आयु का निर्धारण किया जा सकता है
(A) भूवैज्ञानिक समय-मापक्रम द्वारा
(B) रेडियो-मैट्रिक काल-निर्धारण द्वारा
(C) गुरुत्वीय पद्धति द्वारा
(D) जीवाश्मन पद्धति द्वारा

26. निम्नलिखित में से कौन सा जीवाणुओं से होने वाला रोग है ?
(A) सूज़ाक (गोनोरिया)
(B) ज़ुकाम (कोल्ड)
(C) मलेरिया
(D) इनमें से कोई नहीं



Downloaded from www.cclchapter.com

27. Laughing-gas is the name given to
(A) Nitrous oxide
(B) Nitric oxide
(C) Nitrogen trioxide
(D) Nitrogen dioxide

28. A red light is used in traffic signals because
(A) It is visible to people even with bad eyesight.
(B) It looks beautiful.
(C) It has the longest wavelength and can be seen from a long distance.
(D) None of the above.

29. Carbon monoxide is an inflammable gas. Which one of the following is also inflammable gas ?
(A) Helium (B) Nitrogen
(C) Oxygen (D) Hydrogen

30. From which part of the plant is turmeric obtained ?
(A) Root (B) Stem
(C) Flower (D) Fruit

31. 'Angioplasty' is a procedure of clearing
(A) Gall-stone
(B) Tumour of Brain
(C) The blocked coronary arteries
(D) Pulmonary obstruction

32. The main constituent of natural gas is
(A) Methane (B) Ethane
(C) Propane (D) Butane

33. When you break a bar magnet into two pieces, you get
(A) one north pole and one south pole.
(B) two iron pieces with no magnetism.
(C) two shorter complete magnets.
(D) one piece a complete magnet and the other simply iron.

27. हास-गैस नाम दिया गया है
(A) नाइट्रस ऑक्साइड को
(B) नाइट्रिक ऑक्साइड को
(C) नाइट्रोजन ट्राइऑक्साइड को
(D) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड को

28. यातायात सिग्नलों में लाल बत्ती का प्रयोग किया जाता है, क्योंकि
(A) ये ख़राब दृष्टि वाले लोगों को भी दिखाई दे जाती है ।
(B) यह सुंदर दिखती है ।
(C) इसका तरंगदैर्ध्य सबसे अधिक है और लंबी दूरी से देखी जा सकती है ।
(D) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं ।

29. कार्बन मोनोक्साइड एक ज्वलनशील गैस है । निम्नलिखित में से और कौन-सी गैस ज्वलनशील है ?
(A) हीलियम (B) नाइट्रोजन
(C) ऑक्सीजन (D) हाइड्रोजन

30. पौधे के किस भाग से हल्दी प्राप्त की जाती है ?
(A) जड़ (B) तना
(C) पुष्प (D) फल

31. 'ऐन्जियोप्लास्टी' साफ करने की एक प्रक्रिया है
(A) पित्त-अश्मरी (गाल-स्टोन) को
(B) मस्तिष्क के अर्बुद को
(C) अवरुद्ध हृद् धमनियों को
(D) फुफ्फुस की रुकावट को

32. प्राकृतिक गैस का मुख्य घटक है
(A) मेथेन (B) एथेन
(C) प्रोपेन (D) ब्यूटेन

33. जब किसी दंड चुम्बक के दो टुकड़े किए जाते हैं तब प्राप्त होता है
(A) एक उत्तर ध्रुव और एक दक्षिण ध्रुव
(B) चुम्बकत्व रहित लोहे के दो टुकड़े
(C) दो छोटे पूर्ण चुम्बक
(D) एक टुकड़ा पूर्ण चुम्बक और दूसरा केवल लोहा



Downloaded from www.cclchapter.com

## ENGLISH LANGUAGE

34. An employment advertisement should ______ the number of vacancies. (Fill in the blanks)

(A) provide (B) specify

(C) contain (D) declare

**Direction (Q. No. 35 & 36) :** Choose the word that best expresses the meaning of the underlined word.

35. I'm itching to tell you the news.

(A) feel obliged

(B) feel restless

(C) feel satisfied

(D) feel sickly

36. They are asking a preposterous price for the work.

(A) unrealistic

(B) unreasonable

(C) low

(D) absurd

**Direction (Q. No. 37 & 38) :** Select the substitution that best expresses opposite meaning of the underlined word :

37. Krishan's remarks infuriated Chetan.

(A) silenced (B) insulted

(C) soothed (D) satisfied

38. Repulsive

(A) Inducive (B) Dull

(C) Attentive (D) Attractive

**Direction (Q. No. 39 & 40) :** Choose the alternative which best expresses the meaning of the given idiom/phrase :

39. Root and branch

(A) to collect

(B) to set ablaze

(C) to take hint

(D) completely

40. Wild goose chase

(A) a futile and foolish search

(B) an emergency

(C) conscious of

(D) interest in

41. The good are often ______ with their bones. (Fill in the blanks)

(A) bury दफनाना

(B) interred

(C) cover

(D) exhumed

**Direction (Q. No. 42 & 43) :** Find the wrongly spelt word :

42. (A) calculate

(B) articulate

(C) vacilate

(D) gesticulate

43. (A) careful

(B) skilfull

(C) beautiful

(D) unmindful



Downloaded from www.cclchapter.com

## हिन्दी भाषा

44. 'सिरदर्द' शब्द में समास है
(A) कर्मधारय
(B) तत्पुरुष
(C) अव्ययीभाव
(D) बहुव्रीहि

45. निम्न पंक्तियों में प्रयुक्त रस है :
शोभित कर नवनीत लिये ।
घुटुरूनु चलत रेन तन मंडित मुख दधि लेप किये ।।
(A) वात्सल्य रस
(B) शान्त रस
(C) वीर रस
(D) शृंगार रस

46. 'अर्जुन' का पर्यायवाची शब्द है
(A) अनूठा
(B) अवश्व
(C) ध्वान्त
(D) पार्थ

47. 'इत्यादि शब्द' का सही संधि-विच्छेद है
(A) इति + आदि
(B) इत् + यादि
(C) इति + यादि
(D) इत् + आदि

48. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है
(A) प्रतीद्वन्दिता
(B) प्रतिद्वन्दीता
(C) प्रतिद्वन्द्वीता
(D) प्रतिद्वन्द्विता

49. 'इष्ट' का विलोमार्थक शब्द है
(A) विरोधी
(B) अनिष्ट
(C) आशंका
(D) शत्रु

50. निम्नलिखित पंक्ति में अलंकार को पहचानिए :
'तरनि तनूजा तट तमाल तरूवर बहु छाए'
(A) अनुप्रास
(B) यमक
(C) श्लेष
(D) उपमा

51. निम्नलिखित में से उपसर्ग रहित शब्द कौन सा है ?
(A) क्षत्रिय
(B) निरक्षर
(C) चिरकाल
(D) उत्तेजना

52. 'पित्रादेश' में सन्धि है
(A) यण सन्धि
(B) अयादि सन्धि
(C) वृद्धि सन्धि
(D) गुण सन्धि

53. 'घाट-घाट का पानी पीना' मुहावरे का अर्थ है
(A) बहुत अनुभवी होना
(B) बहुत यात्रा करना
(C) अनेक लोगों से मित्रता करना
(D) रोजगार के नए-नए अवसर तलाश करना



Downloaded from www.cclchapter.com

54. Which of the following Amendment Act of Constitution provided a three-tier system of Panchayati Raj in the State ?
(A) 71 (B) 72
(C) 73 (D) None of these

55. The Environment (Protection) Act was enacted in
(A) 1986 (B) 1996
(C) 2005 (D) None of these

56. Indian Agricultural Research Institute is situated at
(A) Lucknow (B) New Delhi
(C) Patna (D) Karnal

57. In India, Gene Bank of wheat is located at
(A) New Delhi (B) Ludhiana
(C) Kanpur (D) Karnal

58. National Green Tribunal in India has been established in the year
(A) 2009 (B) 2010
(C) 2012 (D) 2013

59. On 14 April, 2016 Prime Minister Shri Narendra Modi launched 'Gramodaya Se Bharat Uday' campaign from
(A) Mhow (M.P.)
(B) Jind (Haryana)
(C) Rajkot (Gujarat)
(D) Lucknow (U.P.)

60. In which State Simhastha Kumbh 2016 is taking place ?
(A) Haryana (B) Goa
(C) U.P. (D) M.P.

61. How many acre are there in one hectare land ?
(A) approx. 2 acre
(B) approx. $2\frac{1}{2}$ acre
(C) approx. 3 acre
(D) approx. $3\frac{1}{2}$ acre

54. निम्नलिखित में से संविधान के किस संशोधन अधिनियम ने राज्य में त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था कायम की ?
(A) 71 (B) 72
(C) 73 (D) इनमें से कोई नहीं

55. पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम लागू हुआ
(A) 1986 में (B) 1996 में
(C) 2005 में (D) इनमें से कोई नहीं

56. भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) स्थित है
(A) लखनऊ (B) नई दिल्ली
(C) पटना (D) करनाल

57. भारत में, गेहूँ का जीन बैंक स्थित है
(A) नई दिल्ली (B) लुधियाना
(C) कानपुर (D) करनाल

58. भारत में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल स्थापित हुआ वर्ष
(A) 2009 (B) 2010
(C) 2012 (D) 2013

59. 14 अप्रैल, 2016 को प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'ग्रामोदय से भारत उदय' अभियान की शुरुआत कहाँ से की ?
(A) महू (म.प्र.)
(B) जींद (हरियाणा)
(C) राजकोट (गुजरात)
(D) लखनऊ (उ.प्र.)

60. सिंहस्थ कुंभ 2016 किस राज्य में आयोजित हुआ है ?
(A) हरियाणा (B) गोआ
(C) उ.प्र. (D) म.प्र.

61. एक हेक्टेयर भूमि में कितने एकड़ होते हैं ?
(A) लगभग 2 एकड़
(B) लगभग $2\frac{1}{2}$ एकड़
(C) लगभग 3 एकड़
(D) लगभग $3\frac{1}{2}$ एकड़



Downloaded from www.cclchapter.com

62. Who is the Vice-Chairman of NITI Aayog in 2015-16 ?
(A) Arvind Panagariya
(B) Surjit Bhalla
(C) Arvind Subramanian
(D) None of these

63. NLRMP stands for
(A) New Land Records Modernization Programme
(B) National Land Records Modernization Programme
(C) National Land Revenue Modernization Programme
(D) None of these

64. Which one of the following was the first committee to give suggestions for the development of Panchayats ?
(A) Balwant Rai Mehta Committee
(B) Ashok Mehta Committee
(C) P.K. Thungar Committee
(D) None of these

65. Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme was started in the year
(A) 2005 (B) 2003
(C) 2006 (D) 2008

66. First Agricultural Census was conducted in
(A) 1970-71 (B) 1985-86
(C) 1995-96 (D) 1981-82

67. National Dairy Research Institute is situated at
(A) Anand (B) Karnal
(C) Ludhiana (D) Hisar

68. Nagarjuna Sagar Dam is built on the river
(A) Godavari (B) Cauvery
(C) Krishna (D) Narmada

69. Which district of Haryana has highest literacy ?
(A) Bhiwani (B) Panchkula
(C) Gurgaon (D) Faridabad

62. 2015-16 में नीति (NITI) आयोग के उपाध्यक्ष कौन हैं ?
(A) अरविंद पनगारिया
(B) सुरजीत भल्ला
(C) अरविंद सुब्रमनियन
(D) इनमें से कोई नहीं

63. NLRMP का तात्पर्य है
(A) न्यू लैंड रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम
(B) नेशनल लैंड रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम
(C) नेशनल लैंड रेवेन्यू मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम
(D) इनमें से कोई नहीं

64. निम्नलिखित में से कौन सी पंचायतों के विकास के लिए सुझाव देने वाली सर्वप्रथम समिति थी ?
(A) बलवंत राय मेहता समिति
(B) अशोक मेहता समिति
(C) पी.के. थुंगर समिति
(D) इनमें से कोई नहीं

65. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम प्रारंभ हुई वर्ष
(A) 2005 (B) 2003
(C) 2006 (D) 2008

66. पहली कृषि संगणना हुई
(A) 1970-71 में (B) 1985-86 में
(C) 1995-96 में (D) 1981-82 में

67. राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान कहाँ है ?
(A) आनंद (B) करनाल
(C) लुधियाना (D) हिसार

68. नागार्जुन सागर बाँध बना हुआ है
(A) गोदावरी नदी पर (B) कावेरी नदी पर
(C) कृष्णा नदी पर (D) नर्मदा नदी पर

69. हरियाणा में सबसे अधिक साक्षरता वाला कौन सा जिला है ?
(A) भिवानी (B) पंचकुला
(C) गुड़गाँव (D) फरीदाबाद



Downloaded from www.cclchapter.com

70. Which factory is situated in Faridabad ?
(A) Rubber tyre
(B) Tractor
(C) Refrigerator
(D) All of the above

71. Which breed of buffalo of Haryana is considered best ?
(A) Murrah (B) Turrah
(C) Chaspa (D) Puscha

72. State Sport of Haryana is
(A) Kabaddi (B) Cricket
(C) Hockey (D) Wrestling

73. Which is the main magazine of Haryana Sahitya Academy ?
(A) Harigandha
(B) Haryana Sandesh
(C) Kayakalpa
(D) Panchjanya

74. Which is the birth place of Space Scientist Kalpana Chawla ?
(A) Gurgaon (B) Kaithal
(C) Karnal (D) Panipat

75. The first battle fought in Taravadi (Tarain) was won by whom ?
(A) Balban
(B) Hemchandra
(C) Prithviraj Chauhan
(D) Kutbuddin Aibak

76. In the Battle of Independence 1857, Rao Tularam fought against Britishers in the region of
(A) Narnaul, Rewari
(B) Rohtak, Jind
(C) Kaithal, Kurukshetra
(D) Hisar, Sirsa

77. 'Bujani' ornament is wear-out on the
(A) Forehead (B) Nose
(C) Neck (D) Ears

70. फरीदाबाद में कौन सी फैक्टरी है ?
(A) रबर टायर
(B) ट्रेक्टर
(C) रेफ्रीजरेटर
(D) उपरोक्त सभी

71. हरियाणा की भैंस की कौन सी नस्ल सबसे अच्छी मानी जाती है ?
(A) मुर्रा (B) तुर्रा
(C) चस्पा (D) पुश्चा

72. हरियाणा का राजकीय खेल कौन सा है ?
(A) कबड्डी (B) क्रिकेट
(C) हॉकी (D) कुश्ती

73. हरियाणा साहित्य अकादमी की मुख्य पत्रिका कौन सी है ?
(A) हरिगन्धा (B) हरियाणा सन्देश
(C) कायाकल्प (D) पांचजन्य

74. अन्तरिक्ष वैज्ञानिक कल्पना चावला का जन्म किस नगर में हुआ ?
(A) गुड़गाँव (B) कैथल
(C) करनाल (D) पानीपत

17 Mar 1962

75. तरावड़ी (तराईन) में लड़े गए प्रथम युद्ध में किसकी विजय हुई थी ?
(A) बलबन (B) हेमचन्द्र
(C) पृथ्वीराज चौहान (D) कुतबुद्दीन ऐबक

76. 1857 के स्वाधीनता संग्राम में राव तुलाराम ने किस क्षेत्र में अंग्रेजों का मुकाबला किया ?
(A) नारनौल, रेवाड़ी
(B) रोहतक, जीन्द
(C) कैथल, कुरुक्षेत्र
(D) हिसार, सिरसा

77. 'बूजनी' आभूषण धारण किया जाता है
(A) माथे पर (B) नाक में
(C) गले में (D) कानों में



Downloaded from www.cclchapter.com

78. Sohna city is famous for
(A) Lakes
(B) Hot water springs
(C) Gardens
(D) Modern Buildings

79. Bana Bhatta was a friend and state-poet of the king
(A) Prithviraj Chauhan
(B) Harshwardhan
(C) Anangpal
(D) Hemchandra

80. Famous Indian classical vocalist Pandit Jasraj was born in
(A) Gurgaon (B) Hisar
(C) Rohtak (D) Karnal

81. Saraswati Wildlife Sanctuary is in the district of
(A) Hisar (B) Kaithal
(C) Sirsa (D) Palwal

82. As a Governor of Haryana, whose tenure has been the longest one ?
(A) Dhanik Lal Mandal
(B) Babu Parmanand
(C) B.N. Chakravarty
(D) Jaisukh Lal

83. Where the Indian Institute of Management is established ?
(A) Sonipat (B) Ambala
(C) Rohtak (D) Panipat

84. In which city of Haryana, the Metro reached first ?
(A) Sonipat (B) Rohtak
(C) Gurgaon (D) Faridabad

85. The first woman mountaineer, who climbs over the Mount Everest twice, is
(A) Santosh Yadav
(B) Sunita Sharma
(C) Malleshwari
(D) Mamta Kharab

78. सोहना नगर किस कारण से प्रसिद्ध है ?
(A) झीलों के लिए
(B) गर्म पानी के कुण्ड के लिए
(C) बाग-बगीचों के लिए
(D) आधुनिक भवनों के लिए

79. बाणभट्ट किस राजा के मित्र व राजकवि थे ?
(A) पृथ्वीराज चौहान
(B) हर्षवर्द्धन
(C) अनंगपाल
(D) हेमचन्द्र

80. प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय गायक पंडित जसराज का जन्म हुआ था
(A) गुड़गाँव (B) हिसार
(C) रोहतक (D) करनाल

81. सरस्वती वन्य जीव अभयारण्य किस जिले में है ?
(A) हिसार (B) कैथल
(C) सिरसा (D) पलवल

82. हरियाणा में राज्यपाल के रूप में सर्वाधिक कार्यकाल किसका रहा है ?
(A) धनिकलाल मण्डल
(B) बाबू परमानन्द
(C) बी.एन. चक्रवर्ती
(D) जयसुख लाल

83. इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट कहाँ स्थापित है ?
(A) सोनीपत (B) अम्बाला
(C) रोहतक (D) पानीपत

84. हरियाणा के किस शहर में मैट्रो सबसे पहले पहुँची ?
(A) सोनीपत (B) रोहतक
(C) गुड़गाँव (D) फरीदाबाद

85. पहली महिला पर्वतारोही जिसने दो बार माउण्ट एवरेस्ट पर विजय श्री प्राप्त की
(A) सन्तोष यादव
(B) सुनीता शर्मा
(C) मल्लेश्वरी
(D) ममता खरब



Downloaded from www.cclchapter.com

86. In Haryana, which place is known as 'Chhoti Kashi' due to presence of 'Nava Graha Kund' ?
(A) Hansi (B) Jagadhari
(C) Gurgaon (D) Kaithal

87. Sihi village is known for the birth place of which Saint-poet ?
(A) Saint Haridas
(B) Saint Tulsidas
(C) Saint Ravidas
(D) Saint Surdas

88. Maharaja Agrasen is associated with which city ?
(A) Sirsa (B) Pehwa
(C) Rohtak (D) Agroha

89. On which date Haryana got his complete state status ?
(A) 1st November, 1966
(B) 30th January, 1970
(C) 20th June, 1965
(D) 2nd October, 1968

90. Which district of Haryana is irrigated by Western Yamuna Canal ?
(A) Rohtak
(B) Sonipat
(C) Karnal
(D) All these districts

91. The Headquarters of which district of Haryana is in Narnaul ?
(A) Rewari (B) Mahendragarh
(C) Bhiwani (D) Gurgaon

92. Who is the Guru of Baba Ramdev ?
(A) Acharya Rajendra
(B) Swami Vivekanand
(C) Acharya Balkrishna
(D) Acharya Baldev

93. Sindhara Gift, given to daughter or sister, on the occasion of
(A) Deepawali
(B) Holi
(C) Makar Sankranti
(D) Teej

86. नवग्रह कुण्डों के स्थापित होने के कारण हरियाणा में किस स्थान को छोटी काशी कहा जाता है ?
(A) हाँसी (B) जगाधरी
(C) गुड़गाँव (D) कैथल

87. सीही गाँव को किस सन्त-कवि की जन्मभूमि माना जाता है ?
(A) सन्त हरिदास
(B) सन्त तुलसीदास
(C) सन्त रविदास
(D) सन्त सूरदास

88. महाराजा अग्रसेन का सम्बन्ध किस नगर से है ?
(A) सिरसा (B) पेहवा
(C) रोहतक (D) अग्रोहा

89. हरियाणा को पूर्ण राज्य का दर्जा कब मिला ?
(A) 1 नवम्बर, 1966
(B) 30 जनवरी, 1970
(C) 20 जून, 1965
(D) 2 अक्टूबर, 1968

90. पश्चिमी यमुना नहर द्वारा हरियाणा के किस जिले में सिंचाई की जाती है ?
(A) रोहतक
(B) सोनीपत
(C) करनाल
(D) उपरोक्त सभी जिले

91. हरियाणा के किस जिले का मुख्यालय नारनौल में है ?
(A) रेवाड़ी (B) महेन्द्रगढ़
(C) भिवानी (D) गुड़गाँव

92. बाबा रामदेव के गुरु कौन हैं ?
(A) आचार्य राजेन्द्र
(B) स्वामी विवेकानन्द
(C) आचार्य बालकृष्ण
(D) आचार्य बलदेव

93. सिंधारा उपहार बेटी या बहन को किस अवसर पर दिया जाता है ?
(A) दीपावली
(B) होली
(C) मकर संक्रान्ति
(D) तीज



Downloaded from www.cclchapter.com

94. Planets nearest to the Sun are
(A) Mercury and Mars
(B) Mercury and Venus
(C) Earth and Mercury
(D) Mercury and Uranus

95. Who held the office of the Vice-President of India for two consecutive terms ?
(A) Dr. S. Radhakrishnan
(B) Mr. R. Venkataraman
(C) Dr. Shankar Dayal Sharma
(D) Mr. V.V. Giri

96. Which one of the following would not constitute an economic activity ?
(A) A teacher teaching students in his class
(B) A teacher teaching students under Sarva Shiksha Abhiyan
(C) A teacher teaching his own daughter at home
(D) A teacher providing consultancy services from his residence

97. What was the name accorded to the Military Operation in Kargil in 1999 ?
(A) Operation Pawan
(B) Operation Poomalai
(C) Operation Vijay
(D) Operation Brasstacks

98. Who is Femina Miss India 2016 ?
(A) Aditi Arya
(B) Pankhuri Gidwani
(C) Priyadarshini Chatterjee
(D) None of these

99. Union Cabinet has proposed to provide 'Housing For All' by the year
(A) 2019 (B) 2022
(C) 2025 (D) 2030

100. Which Amendment of the Indian Constitution inserted the two words – 'Socialist' and 'Secular' in the Preamble ?
(A) $28^{th}$ (B) $40^{th}$
(C) $42^{nd}$ (D) $52^{nd}$

94. सूर्य के सबसे निकटतम ग्रह हैं
(A) बुध एवं मंगल
(B) बुध एवं शुक्र
(C) पृथ्वी एवं बुध
(D) बुध एवं यूरेनस

95. भारत के उप-राष्ट्रपति के पद पर लगातार दो बार कौन रहा था ?
(A) डॉ. एस. राधाकृष्णन
(B) श्री आर. वेंकटरमण
(C) डॉ. शंकरदयाल शर्मा
(D) श्री वी.वी. गिरि

96. निम्नलिखित में से कौन-सी आर्थिक क्रिया नहीं बनेगी ?
(A) अपनी कक्षा में छात्रों को पढ़ा रहा अध्यापक
(B) सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत छात्रों को पढ़ा रहा अध्यापक
(C) घर में अपनी बेटी को पढ़ा रहा अध्यापक
(D) अपने निवास से परामर्श सेवाएँ उपलब्ध करा रहा अध्यापक

97. 1999 में कारगिल में सैनिक कार्रवाई को क्या नाम दिया गया था ?
(A) ऑपरेशन पवन
(B) ऑपरेशन पूमालई
(C) ऑपरेशन विजय
(D) ऑपरेशन ब्रासटैक्स

98. फेमिना मिस इंडिया 2016 कौन है ?
(A) अदिति आर्य
(B) पंखुरी गिडवानी
(C) प्रियदर्शनी चटर्जी
(D) इनमें से कोई नहीं

99. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'सभी के लिए घर' प्रस्तावित किया है इस वर्ष तक
(A) 2019 (B) 2022
(C) 2025 (D) 2030

100. भारतीय संविधान के किस संशोधन द्वारा प्रस्तावना में दो शब्द 'समाजवादी' और 'धर्म-निरपेक्ष' जोड़े गए थे ?
(A) 28वें (B) 40वें
(C) 42वें (D) 52वें



Downloaded from www.cclchapter.com